IDBI BANK

प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

तत्काल प्रकाशन/प्रसारण/दृश्य –श्रव्य प्रसारण हेतु

प्रेवि/1440

आईडीबीआई बैंक ने 125 से अधिक शाखाओं में खुदरा ऋण उत्सव शुरू किया

आईडीबीआई बैंक, उत्सव ऋतु का जश्न मनाने के लिए **16 और 17 अक्टूबर, 2023** को '**खुदरा ऋण उत्सव (रिटेल लोन फेस्ट)**' शुरू कर रहा है। बैंक की ब्रांड फिलोसिफी 'बैंक ऐसा दोस्त जैसा' का विस्तार करते हुए, ऋण उत्सव में बैंक के 'ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण' एवं आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण सहित खुदरा ऋणों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विशेष पेशकश को शामिल किया गया है। 'खुदरा ऋण उत्सव' हर भारतीय परिवार की नई आकांक्षाओं के साथ तालमेल बैठाने के लिए तैयार है क्योंकि वे इस उत्सव के दौरान शुभ महत्व वाले जीवनशैली संबंधी निर्णयों से जुड़ते हैं।

बैंक ने 'खुदरा ऋण उत्सव' को चैंपियन बनाने के लिए 125+ चुनिंदा शाखाओं की पहचान की है जो पूरे भारत में 81 जिलों, 88 केंद्रों और 22 राज्यों के क्षेत्र को कवर करेगी।

आईडीबीआई बैंक के उप-प्रबंध निदेशक श्री सुरेश खटनहार. ने कहा, "उत्सव ऋतु के दौरान आईडीबीआई बैंक का 'खुदरा ऋण उत्सव' अपने ग्राहकों तक उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप उत्पादों के गुलदस्ते के साथ पहुंचने का प्रयास है। उत्सव के दौरान पेश की जाने वाली अनुकूलित सुविधाएँ और आकर्षक शर्तें, त्वरित प्रसंस्करण के साथ मिलकर ग्राहकों के लिए एक आनंददायक अनुभव सुनिश्चित करेंगी।"

****

All representatives of Print, Wire and Electronic Media.